

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने किया स्ट्रांगरूम का स्थलीय निरीक्षण

**संवाददाता** देहरादून। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार ने आज महाराणा प्रताप स्पोर्टस कालेज रायपुर में बनाये गए स्ट्रांगरूम का स्थलीय निरीक्षण कर समुचित सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांगरूम की त्रिचक्रीय सुरक्षा व्यवस्था, स्थापित लाइव सीसीटीवी कैमरा आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर, तैनात संबंधित अधिकारी को समुचित सुरक्षा व्यवस्थाओं को चाक–चौबंद बनाए रखने एवं किसी भी प्रकार की गतिविधि पर कड़ी निगरानी बनाए रखने के दिशा–निर्देश दिए।

### 17 फरवरी से कोविड प्रोटोकॉल के साथ पुनः खुलेगा एफआरआई

**संवाददाता** देहरादून। वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून के संग्रहालय एवं परिसर को 17 फरवरी से पर्यटकों के लिए कोविड प्रोटोकॉल के साथ पुनः खोला जा रहा है। वर्तमान में कोविड–19 को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन 500 पर्यटकों को एफ0आर0आई0 कैम्पस में आगमन की अनुमति होगी। भविष्य में स्थिति को देखते हुए संख्या बढाई जा सकती है। पर्यटकों हेतु कैम्पस प्रातः 9:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक खुला रहेगा। केवल ऑनलाइन पंजीकृत पर्यटक ही परिसर/संग्रहालय में प्रवेश कर सकेंगे। सभी पर्यटक अपना पंजीकरण संस्थान की वेबसाइट पर ऑनलाइन कर सकते हैं।

### सलाम मुंबई फाउंडेशन ने आयोजित की बाल पंचायत

**संवाददाता** देहरादून। देशभर में तम्बाकू के बढ़ते सेवन को देखते हुए युवाओं तथा बच्चों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए बालाजी सेवा संसथान के सहयोग से सलाम मुंबई फाउंडेशन द्वारा बाल पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बच्चों को तम्बाकू के दुष्परिणाम एवं उस से युवाओं तथा बच्चों को दूर रखने के उपायों पर चर्चा की गयी। साथ ही बच्चों द्वारा इस सम्बन्ध में सम्बंधित अधिकारियों से सवाल जवाब भी किये गए।

### दिव्य धाम आश्रम में वेबकास्ट श्रृंखला की 91वें संस्करण को किया प्रस्तुत

**संवाददाता** देहरादून। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के दिव्य धाम आश्रम, दिल्ली में वेबकास्ट श्रृंखला की 91वें संस्करण को प्रस्तुत किया गया। दुनिया भर के हजारों शिष्यों और भक्तों ने डीजेजेएस के यूट्यूब चौनल के माध्यम से वेबकास्ट किए गए इस दिव्य कार्यक्रम में भाग लिया और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का आरम्भ भक्तिमय, प्रेरणादायक भजनों से हुआ। सर्व आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी मणिमाला भारती जी ने आध्यात्मिक पथ पर अग्रसर शिष्यों हेतु महत्वपूर्ण व अनिवार्य तथ्यों को रखा।

# तपोवन टनल में एक और शव हुआ बरामद

**ऋषि गंगा आपदा**

■ एक साल बाद फिर ताजा हुए लोगों के जख्म



**संवाददाता**

देहरादून। ऋषि गंगा की आपदा के एक साल बाद भी आपदा में मारे गए लोगों के शव मिलने का सिलसिला जारी है। मंगलवार को 520 मेगावाट वाली एनटीपीसी की तपोवन विष्णुगाड़ जल विद्युत परियोजना के टनल से एक और शव बरामद हुआ है। शव की पहचान भी हो गई है।

सात फरवरी 2021 की सुबह रैणी में ऋषिगंगा में आई आपदा ने उत्तराखंड ही नहीं, पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। सात फरवरी को ऋषि गंगा की आपदा में 206 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें से 88 के शव बरामद किए जा चुके थे। एनटीपीसी के 140 श्रमिकों की भी इस आपदा में मौत हो गई थी, जिसमें कई श्रमिकों के शव परियोजना की टनल में फंसे हुए थे।

एनटीपीसी की ओर से अभी भी टनल से मलबा हटाने का काम किया जा रहा है। इसी दौरान मंगलवार को यहां से एक शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान इंजीनियर गौरव निवासी ऋषिकेश के रूप में हुई है। अब आपदा में मारे गए लोगों में से 89 के शव बरामद हो चुके हैं।

**आपदा में २०६ जिंदगियां मलबे में दफन हो गई थीं**

संपूर्ण उत्तराखंड को झकझोर देने वाली ऋषि गंगा की आपदा को एक वर्ष हो गया है। इस आपदा में 206 जिंदगियां मलबे में दफन हो गई थीं। इस जलप्रलय को याद करते ही आज भी रैणी और तपोवन घाटी के ग्रामीणों की रूह कांप जाती है। स्थिति यह है कि आज भी तपोवन और रैणी के ग्रामीण धौली और ऋषि गंगा के किनारे जाने से डर रहे हैं।

आपदा को एक वर्ष बाद भी रैणी क्षेत्र में धौली गंगा और ऋषि गंगा के टूटे तटबंधों पर बाढ़ सुरक्षा कार्य शुरू नहीं हो पाए हैं। मलारी हाईवे का सुधारीकरण कार्य भी अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। रैणी गांव में मलारी हाईवे पर आज भी बैली ब्रिज से ही वाहनों की आवाजाही हो रही है। यहां स्थायी मोटर पुल का निर्माण कार्य भी शुरू नहीं हो पाया है।

**ग्रामीण को प्रयाग पर शवदाह करने के लिए जाने का रास्ता भी नहीं बचाः** ऋषिप्रयाग तक जाने के लिए भी पैदल रास्ता नहीं बन पाया है। ग्रामीण को प्रयाग पर शवदाह करने के लिए जाने का रास्ता भी नहीं बचा है। भूस्खलन और भू–कटाव से मलारी हाईवे कई जगहों पर धंस गया है। इसका सुधारीकरण कार्य भी अभी तक शुरू नहीं हो पाया है।

रैणी गांव के ग्राम प्रधान भवान सिंह राणा और पल्ला रैणी की प्रधान शोभा राणा ने बताया कि क्षेत्र में पैदल रास्ते अभी भी क्षतिग्रस्त पड़े हैं। ऋषि गंगा के किनारे बाढ़ सुरक्षा कार्य भी नहीं हुए हैं। आज भी ग्रामीण नदी किनारे जाने से डरते हैं। वहीं जोशीमठ की एसडीएम कुमकुम जोशी ने बताया कि सभी 206 लोगों के मृत्यु प्रमाणपत्र तहसील प्रशासन की ओर से दे दिए गए हैं। साथ ही सभी मृतकों के आश्रितों को सात लाख रुपये मुआवजा भी दे दिया गया है।

**जनवरी माह में भी टनल से बरामद हुए थे दो शवः** इन दिनों एनटीपीसी द्वारा आपदा के दौरान टनल में भरे मलबे को साफ किया जा रहा है। जिसके बाद यहां शवों के मिलने का सिलसिला जारी है। जनवरी माह में भी टनल से दो शव बरामद हुए थे। स्थानीय पुलिस ने टनल में मिले शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम किया जा रहा है।

### रैंणी गांव में हो रहा है भूकटाव

आपदा के बाद से लगातार रैंणी गांव में भूकटाव हो रहा है। यहां तक कि चीन सीमा को जोड़ने वाला जोशीमठ–मलारी हाईवे भी लगातार धस रहा है, जिस कारण ग्रामीण परेशान हैं। ध्ौलीगंगा पर चार पैदल पुल बहने के बाद आज तक उनका निर्माण नहीं हो पाया है। ग्रामीणों के लिए लगाई गई ट्राली भी परेशानी का सबब बनी हुई है। मलारी हाईवे पर रैणी में आज भी वैली ब्रिज से ही आवाजाही हो रही है।

# या तो मुख्यमंत्री बन सकता हूं या फिर घर बैठ सकता हूं

**संदेश**

■ एक बार फिर से हरदा ने वही राग छेड़ दिया, कांग्रेस हाईकमान को दिया संदेश



**संवाददाता**

देहरादून। मतदान के अगले ही दिन आत्मविश्वास से भरे पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा की या तो मुख्यमंत्री बन सकता हूं या फिर घर बैठ सकता हूं। उनके इस बयान ने एक बार फिर उत्तराखंड की राजनीति में हलचल पैदा कर दी है। उत्तराखंड कांग्रेस में सीएम चेहरे को लेकर लंबे समय से लड़ाई चल रही है। चुनाव से पूर्व हरदा कई बार स्वयं को सीएम चेहरा घोषित कर चुके हैं। कई बार आलाकमान भी इससे असहज हो चुका है। अब मतदान के बाद एक बार फिर से हरदा ने वही राग छेड़ दिया है।

मंगलवार को लालकुआं से प्रत्याशी व पूर्व सीएम हरीश रावत ने पत्रकारों से कहा कि जनता का जनादेश मिलेगा तो वह सेवा को तत्पर हैं। उनसे पूछा गया कि मुख्यमंत्री बनने पर आपकी क्या राय है। तो हरदा अपने खास अंदाज में बोले, हरीश रावत या तो मुख्यमंत्री बन सकता है या फिर घर पर बैठ सकता है। इसके अलावा मेरे पास तीसरा कोई विकल्प नहीं रह गया है।मैं अपनी सोच का उत्तराखंड बनाऊंगा। जिसमे सभी सहयोगियों की सोच को समायोजित करूंगा। मैं पद के लिए अपनी सोच से समझौता नहीं कर सकता। न ही उसे छोड़ कर कुछ और काम कर सकता हूं। हरदा ने इस बयान से शीर्ष नेतृत्व के समक्ष भी अपनी इच्छा जाहिर कर दी है।

विधानसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले 22 दिसंबर को हरीश रावत ने बड़ा धमाका किया था। इंटरनेट मीडिया में पोस्ट कर अपनी ही पार्टी को निशाने पर लेते हुए संकेतों में धमकी दे डाली कि इसी तरह का रुख रहा तो वह राजनीति से संन्यास भी ले सकते हैं। उधर, रावत के मीडिया सलाहकार व प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने पार्टी के प्रदेश प्रभारी देवेंद्र यादव को भाजपा का एजेंट कहकर आग में और घी डाल दिया था।

### आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी ने चुनाव के पश्चात समीक्षा पर बैठक की

**संवाददाता** 'देहरादून।' आम आदमी पार्टी कैंट विधानसभा कार्यालय मैं आज चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रत्याशी रविंद्र सिंह आनंद ने सभी साथियों के साथ बैठकर चुनाव पर समीक्षा की । बैठक में हर बूथ के बारे में चर्चा की गई और यह निष्कर्ष निकाला गया कि कैंट विधानसभा में सबसे कम वोटिंग होने का फायदा आम आदमी पार्टी को होने जा रहा है। रविंद्र सिंह आनंद ने कहा कि जितना भी साइलेंट वोट पड़ा है वह आम आदमी पार्टी के पक्ष में रहा है और इस बात को कहने में उनको कोई गुरेज नहीं कि कैंट विधानसभा से आम आदमी पार्टी अपनी जीत सुनिश्चित कर रही है। रविंद्र आनंद ने कहा कि जनता ने अपना फैसला दे दिया है और अब आगामी 10 मार्च को यह साफ हो जाएगा कि जनता हमेशा सही बदलाव चाहती थी और कैंट विधानसभा में आम आदमी पार्टी का परचम लहराएगा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।